तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024

10 परिवार की आर्थिक समृद्धि में महिलाओं की भूमिका



12 सीईओ ने दिखाई हरी झंडी, जिला होगा...





# बेलसोंडा क्रॉसिंग में 2.20 किमी तक की लंबाई का होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग के 2.20 किलोमीटर लंबाई सड़क चौड़ीकरण के लिए 33.77 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महासमुंद अंतर्गत इसके बनने से बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में जो जाम की स्थिति निर्मित होती थी उससे निजात मिलेगी। क्रॉसिंग के दोनों तरफ सड़क चौड़ीकरण तथा दो फाटक लगाए जाएंगे। कार्य जल्दी ही शुरू होगा। ज्ञात है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 के किमी 2.200 में स्थित बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर है एवं वहां पर कोई मीडियन नहीं है। मार्ग की चौड़ाई कम हो जाने के कारण रेलवे फाटक के बंद होने पर फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वर्तमान स्थिति में मार्ग के यातायात को व्यवस्थित करने एवं दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित न हो इसका ध्यान देते हुए रेलवे लेवल क्रासिंग पर चौड़ाई बढ़ाए जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, लोनिवि रायपुर द्वारा मार्ग के दोनों ओर 50-50 मीटर लम्बाई में 5.50 मीटर की चौड़ाई में चौड़ीकरण तथा मीडियन बनाए जाने के लिए विस्तृत प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया था। जिससे मार्ग की प्रस्तावित चौडाई 15.50 मीटर हो जाएगी एवं बीच में मीडियन को देते हुए दोनों ओर आवागमन सुचारु रुप से हो सकेगा।



## चौड़ीकरण की स्वीकृति पर सांसद का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिलेवासियों को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महासमुंद अंतर्गत बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग में 2.20 किलोमीटर लंबी सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने पर भाजपाइयों ने कहा है कि सांसद चुन्नीलाल साहू के प्रयासों से बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग में 2.20 किलोमीटर लंबी सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति मिली है। आमजन को ट्रैफिक की समस्या से छुटकारा मिलेगा और यातायात सुगम होगा। सांसद कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, संदीप दीवान, विधायक प्रतिनिधि बंटी शर्मा, भाजपा नेता जितेन्द्र पप्पू साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद देवीचंद राठी, मीना वर्मा, महेन्द्र सिका, जितेंद्र साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री उत्तरा प्रहरे, जगन्नाथ छुरा, कुंदन साव, शुभम पांडे, राहुल कुमार, डोमार तांडी, आशीष सिका, साकेत साहू, अंशुल भारती ने हर्ष जताया है।



## जाम से मिलेगी मुक्ति



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय से जारी प्रेस नोट के अनुसार विधायक के प्रयास से बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग के 2.20 किलोमीटर लंबाई सड़क चौड़ीकरण के लिए 33.77 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने पर उन्होंनें मंत्री नितिन गडकरी का क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा कि इसके बनने से बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में जाम की स्थिति निर्मित होती थी, उससे निजात मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### स्कार्पियो ने पिकअप वाहन को ठोका

**महासमुंद।** खल्लारी थाना अंतर्गत ओंकारबंद के एक राइस मिल के पास स्कार्पियो ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। प्रार्थी अभिषेक यादव पिता लालजी यादव (22 साल) निवासी भनपुरी जिला रायपुर ने पुलिस को बताया कि घटनास्थल पर उसके पिकअप वाहन सीजी 04 एनएस 0493 को स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 9435 के चालक ने ठोकर मार दी। मामले में पुलिस ने आरोपी स्कार्पियो चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** घर के कोठार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्राम बगईजोर के परमानंद नाग पिता स्व अलखराम नाग (45 साल) ने अपने घर में अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सरायपाली थाने में मर्ग कायम कर लिया गया है।

### खेत से मोटर पंप की चोरी

**महासमुंद।** खेत से पंप चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ग्राम तुलसीडीपा के राजकुमार मिरी पिता लेखन मिरी (65 साल) के खेत से एक पुरानी इस्तेमाली 3 एचपी मोटर पंप कीमत 15000 रुपए की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली है। रिपोर्ट पर धारा 379 तहत अपराध कायम किया गया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल की हुई मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के झिलमिला के रहने वाले सतपथी बारिक पिता पुनु बारिक (53 साल) निवासी झिलमिला को शुभ नर्सिंग होम के सामने बस स्टैंड के पास सरायपाली में जगदीश पिता परमानंद साहू ग्राम नुनपानी ने अपने जान डियर ट्रैक्टर क्र- सीजी 06 जीवाय 8767 को तेज एवं लापवाही पूर्वक चालक कर ठोकर मार दिया। गंभीर चोट आने के कारण उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया था, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

### शिकार के लिए बिछाए तार से एक घायल

**महासमुंद।** जंगली सुअर के शिकार के लिए बिछाए करंट तार की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया। खल्लारी थाना के ग्राम भीमखोज के केकड़ा ताल के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने के लिए बिछाए बिजली तार की चपेट में आने से गब्बर पिता श्याम नेताम (60) ग्राम भीमखोज घायल हो गया। प्रार्थी ने मामले में आरोपी पवन यादव, रेखराज यादव, कैलाश बघेल निवासी भीमखोज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 336, 337, 34 के तहत अपराध कायम किया है।

## आफत : पहली बार धान बेचने के लिए पहुंचे किसान मायूस लौटे

# बारिश और कीचड़ के कारण 90 केंद्रों में बंद रही धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले कुछ दिनों से बादल छाए रहने और बारिश ने किसानों व अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी। बुधवार को भी हल्की बारिश के बाद खरीदी केन्द्रों में बारिश का पानी जमीन में फैलने के कारण कीचड़ हो गया है, जिसके चलते जिले के करीब 90 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी बंद रहीं। बड़ी मुश्किल से धान बेचने के लिए मिले टोकन के बाद खरीदी बंद होने से किसानों में मायूसी देखी गई। अब ऐसे किसानों को धान बेचने के लिए चार दिन और इंतजार करना होगा। वहीं, केंद्रों तक ला चुके किसानों को वापस ले जाने पर अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे।



वैसे तो पिछले 10 दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं। बुधवार की सुबह बारिश होने से धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों की परेशानी बढ़ गई है। इधर खरीदी केंद्रों में बारिश का पानी जमीन में फैलने के कारण कीचड़ हो गया है। खरीदी प्रभारियों द्वारा जमीन सूखने का इंतजार किया जा रहा है। बारिश का असर धान खरीदी केंद्रों में देखा जा रहा है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में बुधवार को धान बेचने के लिए 5939 किसानों को टोकन जारी किया गया था, जिससे करीब 3 लाख क्विंटल धान खरीदा जाना था। लेकिन, सुबह बारिश होने से जिले के करीब 90 उपार्जन केंद्र प्रभारियों ने जोखिम नहीं लिया और खरीदी पूरी तरह बंद रखी। इससे उन किसानों को सबसे ज्यादा मायूस होना पड़ा, जिन्हें पहली बार बेचने को मौका मिला था। लगातार 4 दिनों तक खरीदी बंद रहने के कारण उपज को अब 29 जनवरी को ही खरीदा जा सकता है।

### 1516 किसानों से 65 हजार क्विंटल की खरीदी

बारिश के चलते खरीदी केंद्रों में धान खरीदी प्रभावित होने के कारण बुधवार को 1516 किसानों से 65 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो पाई। जबकि, 5939 किसानों को टोकन जारी किया गया था। वहीं, धान का उठाव भी लगातार प्रभावित हो रहा है। बुधवार को 46 हजार क्विंटल का उठाव हो पाया। जबकि, उपार्जन केंद्रों में अभी भी 20 लाख क्विंटल धान का उठाव शेष है।

### खरीदी के लिए बचे तीन दिन

1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी को पूर्ण होने के लिए मात्र तीन दिन बच गए हैं। आने वाले दिनों में शनिवार व रविवार छुट्टी के बाद, छेरछेरा और गणतंत्र दिवस के दिन धान खरीदी बंद रहेगी। धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी है। जबकि, अभी भी 13 हजार से ज्यादा किसानों को धान बेचने के लिए एक बार भी मौका नहीं मिल पाया है।

# अंजलि ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस राजस्थान में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस (पुरूष-महिला) टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान द्वारा महाराणा प्रताप खेलगांव स्टेडियम उदयपुर राजस्थान में 23 से 28 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से अंजलि बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, अंजनि साहू व्यायाम शिक्षक, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, शोभा दीवान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर ने प्रदेश की टीम से भागीदारी किया। अंजनि साहू व मुक्ता की जोड़ी ने डबल्स में अपने प्रारंभिक मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मैच हारकर तीसरे स्थान के लिए मैच खेला, जिसमें मैच जीतकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही। पदक विजेता खिलाडी अंजनि साहू व्यायाम शिक्षक व जिले के प्रतिभागियों ने कलेक्टर प्रभात मलिक से मुलाकात किया, जिस पर कलेक्टर ने अंजनि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिले में लॉन टेनिस खिलाड़ी तैयार करने और खेल को आगे बढ़ाने की बात कही। जिले के टेनिस खिलाड़ी वन विद्यालय में बने टेनिस कोर्ट में अंजनि साहू के नेतृत्व में नियमित अभ्यास कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, एपीओ रेखराज शर्मा उपस्थित रहे।



### अवैध शराब बिक्री के मामले में 6 लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले जिले के अलग-अलग थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बलौदा थाना पुलिस ने महुआ शराब कि अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को पकड़ा है जिसमें अनिल निराला पिता भगवानो निराला (23 साल) निवासी पलसापाली को गेर्रा एवं पलसापाली के बीच रास्ते मे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ, मनोज सिदार पिता सफेद सिदार (34 साल) निवासी कोटद्वारी को कोटद्वारी से कालीदरहा के बीच 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ एवं मित्रभानू कंधेर पिता वृषभ कंधेर (40 साल) निवासी-नवापारा को कोटद्वारी से कालीदरहा के बीच 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को पकड़ा है। पुलिस ने शराब की बरामदगी पर तीनों आरोपी पर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कारवाई किया है। इसी तरह पटेवा पुलिस ने दशरथ कमार पिता झुनाराम कमार (50 साल) ग्राम कोलपदर के कमार डेरा से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 2100 रुपए को बरामद किया एवं यादराम ढीढी पिता इतवारी (35 साल) ग्राम सिनोधा को पानी टंकी के पास रखे 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को पकड़ा है। दोनो आरोपी को पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

## पहली पारी में आयुष ने झटके चार विकेट छत्तीसगढ़ की उत्तराखंड पर जीत

**महासमुंद।** राजधानी रायपुर में 23 जनवरी से शुरू अंडर 14 सेंट्रल जोन राज सिंह डुंगरपुर ट्रॉफी क्रिकेट के पहले दिन मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने टॉस जीता और कप्तान अनमोल द्विवेदी ने क्षेत्ररक्षण को चुना। मैच के पहले दिन घातक गेंदबाजी करते हुए आयुष ने सर्वाधिक 4 विकेट व लोकेश यादव ने तीन विकेट लिए, जिससे उत्तराखंड को मात्र 115 रन में संतोष करना पड़ा। जवाब में उतरी छत्तीसगढ़ की टीम से अनमोल द्विवेदी व अथर्व तिवारी ने बारिश के बाद विपरीत मौसम में भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 22 - 22 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे टीम के खाते में 54 रन आए जिससे छत्तीसगढ़ टीम को मजबूती मिली। कम रोशनी की वजह से मैच बीच में ही रोकनी पड़ी। दूसरे दिन पुनः छत्तीसगढ़ की टीम मैदान में उतरी और जवाब में अयानवीर सिंह भाटिया ने 71 रन पीयूष चंद्रा ने 43 व आयुष द्विवेदी ने नाबाद 28 रन बनाए। जिससे छत्तीसगढ़ के खाते में 225 रन आए। इस तरह छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्तराखंड को पहले पारी की बढ़त के आधार पर हराया।



# रिमझिम बारिश से सेहत-सब्जी और फसल पर बुरा असर

**महासमुंद।** बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण बुधवार को भी सुबह करीब घंटेभर रिमझिम हुई। शहर के अलावा जिले के कई हिस्सों में ऐसी स्थिति रही। इसके बाद पूरे दिन ठंडी हवा चलती रही। जिससे दिन में भी अच्छी ठंड की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने अगले दिन भी मौसम इसी तरह रहने की संभावना जताई है। बिगड़े मौसम का सबसे अधिक असर सब्जी और अन्य फसलों पर पड़ रहा है। वहीं, मौसम में लगातार हो रहे उतार चढ़ाव से सेहत पर असर पड़ रहा। तेज बुखार वालों को अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ जा रही है। क्योंकि ठीक होने में मरीज को 7 दिन लग रहे हैं। दो-तीन दिनों से खराब मौसम और हल्की बारिश के चलते सर्द हवा चल रही है, और ठंडी बूंदों से पूरे समय कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। बुधवार को जिले सहित आसपास क्षेत्र में बारिश भी हुई। लेकिन, प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आ रही है। हल्की बारिश और ठंडी हवा चलने से पूरे समय ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है और न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। 24 जनवरी को जिला मुख्यालय अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। दिसंबर और जनवरी का महीना कड़ाके की ठंड का रहता है। इस साल दिसंबर में अच्छी ठंड नहीं पड़ी परंतु जनवरी में बारिश के बाद अब अच्छी की शुरूआत हो चुकी है।

### वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं बच्चे और बुजुर्ग

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिसिन विभाग से डॉ निखिल अजमानी ने बताया ठंड बढ़ने से वायरल के मरीज बढ़े हैं। धूप खिलने पर संख्या और बढ़ेगी। अधिकांश सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं। बच्चे और बुजुर्गों पर ज्यादा असर है। तेज बुखार वालों को भर्ती कर रहे हैं। बुखार ठीक होने में 7 दिन लग रहा है। लोगों को बारिश और ठंड से बचने, गर्म कपड़ों का सहारा लेने, गर्म पानी पीने, खान-पान में सावधानी बरतने कहा जा रहा है।

### सब्जी की फसल बचाने अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे

मौसम में बदलाव होने से सब्जी की फसल बचाने के लिए किसानों को अतिरिक्त खर्च करने पड़ेंगे। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में प्रचुर मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण आज बादल छाए रहे। इसी के असर से जिले सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की स्थिति बन रही है। तापमान में बड़ी गिरावट फिलहाल नहीं होगी। बादल छाए रहने के साथ कई इलाकों में हल्की बारिश होगी।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को अंतिम रुप दिए जाने के लिए हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

# रिहर्सल में मुख्य अतिथि बनकर एसडीएम ने ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गणतंत दिवस के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पूर्वाभ्यास में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी। रिहर्सल स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू मंच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे।

मिनी स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9 बजे शुरू हुई। फुल ड्रेस रिहर्सल में 6 स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया। आज उनकी भी अंतिम रिहर्सल की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण 12 स्कूलों के लगभग 900 बच्चों द्वारा एरोबिक्स जुंबा पीटी प्रदर्शन होगा। इसके अलावा 14 विभागों की झांकी निकाली जाएगी। शहीद के परिजनों का सम्मान व उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।





इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। जिले में 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9 बजे शुरू होगा।

कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक कुकरेजा ने यहां सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### 32 पौव्वा प्लेन, महुआ शराब के साथ युवक पकड़ाया

**महासमुंद।** तेंदुकोना पुलिस ने ग्राम सोनदादर में एक युवक के कब्जे से 32 पौव्वा देशी प्लेन शराब और 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ग्राम सोनदादर में दबिश दी गई, जहां अर्जुन पिता जगन्नाथ गोंड 21 साल निवासी बीके बाहरा थाना खल्लारी, के कब्जे से 32 पौवा देसी प्लेन शराब कुल 5 लीटर 760 मिली तथा देसी महुआ शराब कुल 10 लीटर 400 मिली जुमला 16 लीटर 160 मिली कुल कीमती 4,640 रुपए अवैध शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### नगर में योग प्रशिक्षण शिविर 1 फरवरी से



**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (33वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 1 से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 11 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें, वे ही दीर्घशंख प्रक्षालन के पात्र होंगे। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7.00 से 8.30 बजे, महिला वर्ग व बच्चों का दोपहर 4.00 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल हो लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### उत्कल गाड़ा समाज की बैठक हुई

**महासमुंद।** उत्कल गाड़ा समाज नगर इकाई की बैठक शंकराचार्य भवन में हुई। जिसमें समाज के पदाधिकारियों के निर्वाचन के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही गांडा समाज के लोगों को एकत्रित कर समाज को मजबूत बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

# शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी एवं जिला मिशन समन्वयक कमलनारायण चंद्राकर के निर्देशन में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) का जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद में 23 जनवरी को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक विकासखंड से एक-एक व्याख्याता एवं शिक्षक शामिल हुए।

राज्य स्त्रोत समूह (मास्टर ट्रेनर) नीलकंठ यादव सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चौकबेड़ा विकासखंड महासमुंद एवं खेमलता प्रधान सीएसी सांकरा विकासखंड पिथौरा द्वारा उक्त प्रशिक्षण दिया गया। एसएमसी एवं एसएमडीसी से संबंधित प्रत्येक माड्युल के प्रत्येक बिंदु पर प्रोजेक्टर द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के बाद विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समस्त एसएमसी सदस्यों, पालकों को एसएमसी, एसएमडीसी के गठन, क्रियान्वयन अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी देना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों/अभिभावकों की भागीदारी मजबूत करना



बच्चे के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए समुदाय की भागीदरी को बढ़ाना, बच्चों के शतप्रतिशत नामांकन, शाला त्याग में ठहराव आदि विषयों पर चर्चा कर ठहराव में होने वाली कमी का समाधान ढूंढना है। जिला मिशन समन्वयक कमलनारायण चंद्राकर एवं एपीसी विद्या साहू द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया गया। ताकि, प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्ण हो सके तथा विद्यालयों में गठित एसएमसी/एसएमडीसी सशक्त बन सके। और विद्यालयों में बच्चों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति हो, प्रत्येक विद्यालय में एसडीपी बना हो तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए।

प्रशिक्षण में जिला कार्यालय से राजकुमार साहू, विद्या साहू, संपा बोस, प्रियंका पटेल उपस्थित थे। विकासखंड से प्रतिभागी के रूप में अर्चना तिवारी व्याख्याता, स्वामी आत्मानंद स्कूल पटेवा, प्रेमचंद डड़सेना शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुसरूपाली, राधेश्याम साहू शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिरदा, पंकज गिरी शर्मा व्याख्याता सेजेस बागबाहरा, यशवंत कुमार चौधरी प्रधान पाठक सेजेस सरायपाली, डोलामणी साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी, माधवलाल साहू व्याख्याता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जम्हर, गजेन्द्र नायक शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहका, कौशिल्या सामल व्याख्याता शासकीय हायर स्कूल बड़ेटेमरी, खेमलता प्रधान (मास्टर ट्रेनर) सीएसी सांकरा, नीलकंठ यादव (मास्टर ट्रेनर) सहायक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास महंती (प्रोग्रामर), ए मिंज (लेखापाल), कमलेश भारती, कपिल यादव, जागेश्वरी देवांगन का विशेष योगदान रहा।

# परिवार की आर्थिक समृद्धि में महिलाओं की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला सहकारी बैंक द्वारा उक्त विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम के आंरभ में सरस्वती को नमन कर महिला नागरिक सहकारी बैंक की अध्यक्ष अरूणा शुक्ला व साथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। परिचर्चा में भाग ले रही सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की संयोजिका डा. अनिता जी रावटे द्वारा परिचर्चा के उद्देश्य तथा बैंकिंग के साथ उसके संबंध पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बीते समय में परम्परागत रूप से महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक रूप से मदद करती थी। समय बदलने के साथ तरीके भी बदलने लगे। किंतु, उद्देश्य यही है कि किस प्रकार अपने परिवार को हर परिस्थिति में मजबूती प्रदान की जाए। प्रतियोगिता के इस युग में महिलाओं को जानकार होना जरूरी है। जागरूकता के साथ एक्रागता



और मेहनत आपको सफलता देगी।

बैंक की संचालक राजेश्वरी दीवान ने अपने उद्बोधन में महिला शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब मिलकर महिलाओं को उद्यमी बनाने में सहायता देने तैयार है। वर्तमान परिवेश में महिलाएं विकास के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही है। छोटे उद्योग से बड़े उद्योग तक व्यवसाय शुरू करने में बैक आप लोगों के साथ है। महिला बैंक की उपाध्यक्ष सती साहू ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत होना हर परिवार की जरूरत है। सामाजिक सक्रियता के साथ आर्थिक व्यवस्था में सहयोग देने के लिए रोजगार के कई रास्ते खुले है। आप अपने साथ अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ कर सकती है। डॉली शर्मा ने आर्थिक मजबूती के लिए व्यवसाय संबधित क्षेत्र की आय-व्यय व बचत संबधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवसाय को शुरू करने के पूर्व पैसों की पूरी व्यवस्था को भी समझना जरूरी है। तभी लाभ या हानि का अंदाज होगा। इसी कड़ी में किरण साहू ने अपने विचार साझा करते हुए महिलाओं को संगठित होकर व्यवसाय करने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। परिचर्चा की अध्यक्षता कर रही महिला बैंक की अध्यक्ष अरूणा शुक्ला ने अपने उद्बोधन में बैंक के 25 वर्षों की विकास यात्रा की जानकारी देकर सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद बैक का कार्य जो धीमा पड़ गया था, अब पुनः अपनी गति में आ गया है। बैंक की 25वीं सालगिरह पर होने जा रहे विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने भविष्य में भी सबके सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार दवे मुख्य कार्यपालन अधिकारी महिला नागरिक सहकारी बैंक महासमुंद द्वारा किया गया। परिचर्चा में रजिंदर कौर, नंदा रंगारी, रूखमणी गुप्ता, पूर्णिमा शर्मा, कुसुम गोलछा, गंगा साहू, शीतल साहू, हेमलता साहू, अनिता साहू, रेखा यादव, नीलम ध्रुव के साथ कर्मा महिला मंडल व बैंक की सदस्य तथा बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 201 आंगनबाड़ी केंद्रों को साफ, स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निर्मल आंगनबाड़ी अभियान के शुभारंभ के पश्चात कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा पूरे जिले के 5 ब्लॉक में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को 10 से 25 जनवरी के अंदर निर्मल आंगनबाड़ी बनाने के लिए आंगनबाड़ी को स्वच्छ और सुसज्जित किया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत सदस्य, पालक, युवावर्ग, किशोरी बालिका एवं बच्चे इत्यादि अपनी सहभागिता दे रहे है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर और बरामदे को साफ-सुथरा रखना, रसोई घर को साफ कर सभी समान व्यवस्थित रखना, बच्चों के खेलने के समान उनके पहुंच में होना और केंद्र को आकर्षक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान का नेतृत्व सरपंच एवं सचिव द्वारा किया जा रहा है।

निर्मल आंगनबाड़ी अभियान के तहत गत दिवस महासमुंद ब्लॉक के जनपद सीईओ मिषा कोसले द्वारा पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्रामर यास्मीन मेमन एवं गांधी फेलो




प्रवीण यादव के साथ मिलकर सरपंच एवं सचिव को वीसी के माध्यम से अपने-अपने गांव के आंगनबाड़ी को निर्मल बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं उनकी क्या भूमिका है। इससे अवगत करवाया गया। साथ ही हर महीने कम से कम एक बार अपने गांव के सभी आंगनबाड़ियों में दौरा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर के सहयोग से महासमुंद ग्रामीण में 7 सेक्टर बैठक के माध्यम से, 201 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सामुदायिक भागीदारी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र को साफ, स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।



### शंकर नगर में राम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई

**महासमुंद।** शंकर नगर में स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर में रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाया गया। रामायण पाठ के पश्चात राम, लक्ष्मण, सीता ,भरत, शत्रुघ्न और हनुमान बने बच्चों की झांकी निकाली गई। शोभायात्रा पूरे शंकर नगर की गलियों में भ्रमण करने के पश्चात कुंदकेश्वर मंदिर में राममय संगीत एवं नृत्य का आयोजन किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

### रोज हो रही बारिश, धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग




**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष सचिन गायकवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक नवंबर से प्रारंभ होने के बावजूद 3 दिसंबर विधानसभा चुनाव के मतगणना तक सुस्तगति से जारी रही। जिसके कारण किसानों के मध्य प्रति एकड़ 21 क्विंटल व 3100 रुपए धान क्रय करने को लेकर संशय था। वहीं भाजपा सरकार के सतारूढ़ होने के बाद विक्रय भी बढ़ा। परंतु, अब किसान जनवरी में अपना धान विक्रय करने को लेकर चिंतित है। क्योंकि, शनिवार, रविवार, गणतंत्र दिवस के अवकाश के चलते केवल कुछ ही दिन शेष हैं। यदि आगामी दिनों में मौसम खराब होने अथवा बारिश की स्थिति में धान खरीदी का कार्य भी प्रभावित हो सकती है। जिसके चलते किसानों द्वारा खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग लगातार कर रहे हैं। इस दौरान किसान लीलू साहू, शत्रुघन साहू, रामजी साहू, मोती साहू, गेमन साहू, शिव सिन्हा, प्रेमलाल गायकवाड़,जोधन ध्रुव, शिव साहू, गणेश ध्रुव, ईश्वर यादव,चंदन साहू, आशीष, सेवा राम करें, मनोज चंद्राकर, पुरुषोत्तम साहू, अलख राम ध्रुव, मनोज ध्रुव, पुरुषोत्तम साहू, खलिावन ध्रुव ने कहा कि मौसम खराब होने के चलते सुबह से लेकर शाम तक रिमझिम बारिश से बोरी में रखे धान भी भीग कर खराब हो रहे है। यदि तिथि आगे बढ़ जाएगा तो समर्थन मूल्य पर धान बेच पाएंगे।

# स्वर्णकार महिला मंडल ने किया रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

22 जनवरी को अयोध्या में स्थित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को पूरे देश में अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। पूरा भारत वर्ष रामचंद्र की जय उद्घोष से गूंज उठा। महासमुंद शहर में भी दिवाली जैसा माहौल छाया हुआ था। छत्तीसगढ़ स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा भी रामलला की स्थापना के शुभ अवसर पर सांई मंदिर प्रांगण में रामचंद्र की पूजा -अर्चना का आयोजन किया गया। सोनी समाज की महिलाओं द्वारा भगवा रंग के परिधान में सुंदरकांड एवं रामायण पाठ का सामूहिक गायन एवं पठन किया गया। 500 साल के





लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार सोमवार को रामलला अयोध्या में अपनी जगह विराजित हो गए। समाज की महिलाएं भगवान रामचंद्र के स्वागत में मधुर भजन एवं नृत्य द्वारा अपनी भक्ति भाव प्रकट किए। आपस में एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद ग्रहण किए। अंत में मंदिर में दीपदान किया गया। इस दौरान सोनी समाज से सरला सोनी, राखी सोनी, नीता सोनी, पूर्णिमा सोनी, आशा सोनी, पूर्णिमा सोनी, डाली सोनी, रेणु सोनी, प्रतिमा सोनी, सरोज सोनी, लता सोनी, कुंती सोनी, बरखा सोनी उपस्थित रहे।



### राम मय हुआ बम्हनी

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा एवं जय दुर्गा मानस लीला मण्डली द्वारा राम लक्ष्मण सीता और हनुमान का जीवित झांकी का शोभा यात्रा निकाली गई। रामेश्वर पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण के साथ हवन पूजा दुर्गा मंदिर में राम की 108 बार जाप के साथ किया गया जिसमे रामायण का पाठ के साथ भंडारा का आयोजन किया जिसमे गांव के सभी राम भक्त सम्मिलित हुए एवं गांव वासीयो ने संध्या के समय अपने घर में दीपक जलाकर एक बार फिर दिवाली मनाया गया है।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर तुमगांव हुआ राममय

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अयोध्या स्थित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर अनेक धार्मिक अनुष्ठान हुए। नगरवासी रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर झूम उठे और घर घर दिवाली मनाई। अनेक भंडारा का आयोजन किया गया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा। शाम को नगर को हजारों दीपों से रोशन किया गया। सर्वप्रथम राम राज परिवार राम टोली और नगरवासियों के सहयोग से सुबह भगवान राजा रामचंद्र के मंदिर में भगवान राम का भव्य श्रृंगार किया गया। बाद हवन पूजा के बाद 10 हजार 8 बाती से भगवान राम का भव्य आरती की गई। भगवान को



56 भोग लगाया गया। बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं 3 कार सेवकों का सम्मान भी किया गया। दिनभर भजन कीर्तन चलता रहा। नगर के हृदय स्थल बाजार चौक विघ्नहर्ता परिवार के नेतृत्व में नगर में रात्रि में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सभी नगरवासी डीजे के धुन में झूमते रहे। यह जानकारी पार्षद धर्मेंद्र यादव ने दी है।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद हुआ

**महासमुंद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना कार्यालय महासमुंद के निर्देशन में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 ली से 12वीं तक के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर 23 जनवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से स्वामी आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में किया गया। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी, कमल नारायण चंद्राकर जिला परियोजना समन्वयक, डीएन जांगड़े, विद्या साहू, संपा बोस एपीसी, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी की उपस्थिति में हुआ। जिला स्तरीय साहित्यिक सांस्कृतिक एवं क्रीडा स्पर्धा में कुर्सी दौड़, तवा फेंक, 100 मीटर दौड़ मटका फोड़, मिश्रित मोती को अलग करना, निर्धारित, ध्वनि की ओर दौड़, बास्केटबॉल थ्रो, चित्रकला, रंगोली सामान्य ज्ञान, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताएं हुई। दोपहर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में संदीप दीवान विधायक प्रतिनिधि, नीलम दीवान पूर्व महापौर भोपाल, अनुज पांडे, एपीसी डीएन जांगड़े आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। एपीसी डीएन जांगड़े द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विधाओं में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं के अलावा सम्मिलित सभी बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बालक बालिका सहित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्तर पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया और ऐसे बच्चों के लिए हर संभव कार्य और प्रोत्साहन करने के लिए कहा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खेमिन साहू ने किया। कार्यक्रम में बीआरपी महासमुंद अनीता निर्मलकर, सरायपाली रंभा जायसवाल, पिथौरा सावित्री यादव, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, अंकित कमलेश, डिंपल जांगड़े, सुखदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक आशीष साहू, सुरेश पटेल, चंद्रशेखर डोरा, पीतांबर पाठक, फनेंद्र बंजारे, मनोज साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, रशिद कुरैशी, पवन साहू, नीरज साहू, ईश्वर कमार, ललित किशोर बया सहित शिक्षक भारती सोनी, वारिस कुमार, बीआरसीसी स्टाफ केशव साहू, भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।



# प्रभु श्रीराम के गुजरे मार्गों पर दीप जलाकर चरण रज का लगाया तिलक

महासमुंद। राम वन गमन पथ की साफ-सफाई कर 22 जनवरी को जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर के संयोजकत्व में जिला पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने राम वन गमन पथ की मिट्टी प्रभु श्रीराम के चरण रज का तिलक माथे पर लगाया। अपने घरों में दीप जलाकर एक-एक दीया राम वन गमन पथ पर भी प्रज्जवलित की गई। अमर ने बताया कि 22 जनवरी को जिला पंचायत क्षेत्र के राम वनगमन पथ के चिन्हित स्थानों पर कांग्रेस जन एकत्र हुए। सभी स्थानों पर आवश्यक सफाई की गई। लाइटें लगाई गई। वहीं ग्रामीणों को दीप जलाने आव्हान किया गया। जगह-जगह राम वन गमन पथ पर रामायण पाठ का आयोजन भी किया आया। उन्होंने बताया कि प्रभु





श्रीराम, माता सीता व भैया लक्ष्मण वनवास काल के 11 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताएं। इस दौरान कुछ समय वे इसी क्षेत्र में रहे व यहां से गुजरे। सिरपुर का गंधेश्वरनाथ महादेव शिवलिंग माता सीता द्वारा स्थापित की गई थी। उन्होंने सिरपुर सहित समस्त क्षेत्रवासियों को भगवान शिव को चंदन का लेप लगाने तथा उस लेप का टीका लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करने आग्रह किया।

जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर जिला कांग्रेसाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के निर्देशन में कांग्रेसजनों ने क्षेत्र के रामवन गमन पथ की सफाई की। वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम के गुजरे पथ राम वन गमन पथ जिसमें ग्राम बोरिद, अमलोर, सिरपुर, छपोराडीह, बोरिद, खड़सा, गढ़सिवनी आदि में सफाई कर रात्रि आकर्षक लाइट लगाकर दीप प्रज्जवलित की गई। इसके अलावा ग्राम बिरकोनी व बरबसपुर में भव्य महाआरती कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना की। वहीं, नगर पंचायत सिरपुर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में महाआरती कार्यक्रम में शामिल होकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया। क्षेत्र के ग्राम कांपा में संध्या कालीन शोभायात्रा निकाली गई। डीजे की धुन पर श्रीराम के भजनों के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। जिसमें सभापति अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। 22 जनवरी को ही ग्राम मालीडीह व खैरझिटी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल होकर समस्त ग्रामवासियों को राम वन गमन पथ की जानकारी देकर प्रभु श्रीराम की पूजा की गई। इसके अलावा चंद्राकर ग्राम अछोला व बरबसपुर में रात्रिकालीन डीजे डांस कार्यक्रम में शामिल होकर समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर पभु श्रीराम के वन गमन पथ की जानकारी देकर क्षेत्र की मिट्टी की महिमा बताया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ढेलू निषाद व खिलावन साहू उपस्थित रहे।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर उत्कल पारा वार्डवासियों ने मनाया दीपोत्सव

**सरायपाली।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 में दीपोत्सव की तैयारी के लिए वार्डवासियों द्वारा एकजुट होकर सभी ने सुंदर सजावट करते हुए 1100 दीपक जलाकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें विशेष सहयोग वार्ड पार्षद हितेश यादव और महिला समूह द्वारा किया गया। चंचल ठाकुर, प्रिया ठाकुर, मनीषा मदारी, बबीता यादव, सिया ठाकुर, हेतिका यादव, पार्वती यादव, खुशी यादव, रेखा पुरोहित, श्रुति कर जयंती यादव, रिंकी यादव, प्रेरणा यादव, देवांशु याद, पिंकू यादव, महेंद्र यादव, पवन यादव, नरेंद्र यादव, सुरेश पाणिग्रही, चंद्र कुमार पटेल, हेमंत प्रधान, बंशीचंद्र, स्वर्ण सिंह सलूजा, गजानन साहू, आनंद सिंह, कांति कुमार यादव आदि मौजूद रहे।


SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS
23rd YEARS OF EXCELLENCE
AAROHAN
CASH PRIZES UPTO Rs. 3 LAKH
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

## खबर संक्षेप



### जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष से की मुलाकात

**महासमुंद।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनिल शर्मा के लगातार 9वीं बार जीत पर युवा अधिवक्ताओं ने उनसे मुलाकात की तथा पुनः बहुमत के साथ विजयी होने तथा जिला अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया। इस दौरान अधिवक्ता अमित यादव, अखिलेश साहू आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, मितानिन हीराबाई चंद्राकर, मितानिन मनु चंद्राकर, कलिन्दरी कनौजै, जोगेश्वरी सोनवानी, धनबाई सोनवानी, मनीषा चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर,मनु चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### दीप प्रज्ज्वलन के साथ जमकर आतिशबाजी



**महासमुंद।** यति यतन बस्ती में 22 जनवरी को अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रौढ़ स्वयंसेवक कुंदन थानेकार के नेतृत्व में आयोजन किया गया। दिन में पूजा अर्चना और सुंदरकांड के बाद प्रसाद वितरण किया गया। संध्या को रामलला की आरती और प्रसाद वितरण के बाद पूरे सड़क पर दीप प्रज्वलित कर जमकर आतिशबाजी की गई।

### बिरकोनी में मेला आज सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**महासमुंद।** दान का पर्व पौष पूर्णिमा छेरछेरा के अवसर पर 25 जनवरी को जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर परिसर में मेला भरेगा। जानकारी देते हुए मां चंडी विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश्वर चंद्राकर, उमेश चंद्राकर ने बताया कि वार्षिक समारोह के रूप में प्रतिवर्ष छेरछेरा पुन्नी को यह आयोजन मां चंडी के दरबार में किया जाता है। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक मां चंडी की पूजा, आरती व दर्शन होगा। पश्चात परिसर में निर्मित सांस्कृतिक रंगमंच में रात्रि 10:30 बजे से कन्हारपुरी राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर की प्रस्तुति दी जाएगी।

## अभियान : कुपोषण से मुक्ति के लिए चलेगा पोषण कार्यक्रम

# सीईओ ने दिखाई हरी झंडी जिला होगा कुपोषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कुपोषण मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक जिला पंचायत परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके जरिए गांव-गांव घर-घर से कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी, इन चिन्हित लोगों की उनके निकटतम आंगनबाड़ी पर जांच की जाएगी और फिर अंततः कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं का बेहतर उपचार कर खानपान से कुपोषण दूर किया जाएगा। महासमुंद को कुपोषण मुक्त करने का पूरा प्रयास हो रहा है। इसमें सफलता भी मिल रही है। सीईओ एस आलोक ने कहा कि कुपोषण मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के तहत जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जन आंदोलन, समुदाय आधारित गतिविधि एवं संबंधित विभागों के अंतर समन्वय से तय समय सीमा के अंदर माता व बच्चों को कुपोषण में प्रतिवर्ष कमी लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के 50 चिन्हित स्थान जहां कुपोषण अधिक है, वहां लोगों को जागरूक किया जाएगा। कुपोषण लोगों को पहचान कर उन्हें पोषित किया जाएगा। कुपोषण मुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम के लोगों को जागरूक किया जाएगा। यूनिसेफ जिला सलाहकार ऋषभ तिवारी ने बताया कि स्वयंसेवियों के माध्यम से हम किस प्रकार से जिले को कुपोषण मुक्त बना सकते हैं। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र से बृजेश सिंह, निलेश तिवारी, जिला पोषण समन्वयक रिया दत्ता उपस्थित थी।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर वृद्धजनों में उत्साह का हुआ संचार, दिनभर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के दलदली मार्ग में रह रहे वृद्धजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रभु राम के आगमन के उत्सव की तैयारियों के लिए यहां रह रहे बुजुर्गों ने सारी रात जागरण किया।

भजन और राम धुन के बीच तैयारियों में जुटे बुजुर्गों ने राम की कुटी तैयार की और रविवार को दिन भर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के पूर्व झांकी में बच्चे राम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमान के रुप में नजर आए, जिनका अतिथियों, वरिष्ठजनों और समस्त स्टाफ ने आरती कर स्वागत किया। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित दलदली मार्ग स्थित आशियाना वृध्दाश्रम में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। बतौर अतिथि पधारे पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा ने राम दरबार की आरती कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोपड़ा के साथ शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल पाली, पार्षद देवीचंद राठी, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिका, पार्षद मीना वर्मा के अलावा तुषार साहू, समाजसेवी आवेज खान भी उपस्थित रहे। नागरिकों में मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, डॉ. एजाज नकवी, हेमंत गुप्ता, मनोज चंद्राकर, मुक्तिधाम सेवा समिति से जितेंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, राजू चंद्राकर एवं सदस्यगण, शांति अजय वर्मा अपने परिवार के साथ एवं आशियाना वृध्दाश्रम के आसपास के रहवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रत्येक गुरुवार यहां भजन सेवा देने वाले तीजूराम पटेल ने भी भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

**यह भी रहे मौजूद** : संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, सचिव उदयकुमार साहू व कोषाध्यक्ष खेमचंद जंजीर ने बताया कि उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त आयोजन के दौरान आशियाना स्टाफ में प्रबंधक उषा साहू, कुंजन ठाकुर, नीलम शर्मा, दिव्या ठाकुर, मनीषा बघेल, सानिया पटेल, मीरा राजपूत, यशोदा बाई व घरौंदा अधीक्षक त्रिवेणी हरपाल एवं उनकी टीम दिव्यांगजनों के साथ मौजूद रहे।

## बिरकोनी स्कूल में रंगोली व मेहंदी स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में गणतंत्र दिवस के पूर्व विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता भी हुई।

ईको क्लब की छात्राओं द्वारा ईको गार्डन में साफ सफाई, खरपतवार निकालना, कचरे को नष्ट करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में व्याख्याता रागिनी चंद्राकर, मनीषा तिर्की, शिक्षक रेणुका चंद्राकर रहे।

प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने समस्त प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में व्याख्याता श्रवण कुमार सिन्हा, सन्तराम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहिस, सुरेखा मिश्रा सहित ईको क्लब की दीप्ति साहू, मोनिका पटेल, सुजल साहू, खिलेश्वरी, मनीषा, पल्लवी साहू, पूर्वा साहू, रंगोली में नीतू साहू, ज्योति साहू, उमेश्वरी साहू, कल्याणी साहू, अंजली ध्रुव, खुशबू चेलक, मेहंदी में नीलम मंडलोई, अलका, अंजू ध्रुव सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

## केवि में राष्ट्रव्यापी चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस

- सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले 5 छात्रों को प्रमाण पत्र देकर किया गया पुरस्कृत




के अवसर पर राष्ट्रव्यापी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद जिला के आठ विद्यालयों के बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा, चंद्रयान मिशन, आदित्य एल वन ,विकसित भारत आदि विषयों पर अपने मन में उत्पन्न हो रहे भाव को चित्र के माध्यम से पेंटिंग में उकेरा। केवि महासमुंद, केवि सरायपाली, नवोदय विद्यालय सरायपाली, आत्मानंद स्कूल महासमुंद, महर्षि विद्या मंदिर, शिशु संस्कार केंद्र, देव संस्कृति विद्यालय, शाउमावि महासमुंद के लगभग 100 विद्यार्थियों में अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत चित्रकारी में अपना पराक्रम दिखाया। भारत सरकार के मंशानुरूप विद्यार्थियों को एग्जाम वॉरियर पुस्तक, पेंटिंग किट प्रदान किया गया। सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले 5 विद्यार्थियों हर्षिता साहू केवि महासमुंद, काजल चंद्राकर शिशु संस्कार केंद्र , सत्यवान दीवान जवाहर नवोदय विद्यालय, सेजल पुरोहित केवि सरायपाली एवं सहज सेन केवि महासमुंद को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन जय राम पटेल, ऋचा वर्मा एवं वंदना भारद्वाज ने किया। केवि प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में अच्छा नागरिक बनने तथा ज्यादा बच्चों को भाग लेने प्रोत्साहित किए। कार्यक्रम में विवेकानंद प्रधान, लोकेश सिंह, प्रधान पाठिका कांता एक्का, वंदना आचार्य, वंदिनी जौहरी, भूमिका, घनश्याम साहू, जीडी मिश्रा, भूमिका साहू, सीताराम पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्रकर एवं आभार प्रदर्शन चित्रकला प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक जीके निर्मलकर ने किया।

### बेमचा में राम-सीता, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण की झांकी निकाली

**महासमुंद।** अयोध्या स्थित राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम बेमचा के गोवर्धन पहाड़ के नीचे उत्सव मनाया गया। प्रारंभ में राम भगवान की आरती, दीप प्रज्ज्वलन द्वारिका चंद्राकर ने किया गया। गांव के अलग अलग मोहल्ले से राम, सीता, लक्ष्मण की झांकी निकाली गई।

शिव पार्वती, राधा कृष्ण एवम बजरंग बली की झांकी निकालते हुए कार्यक्रम स्थल पर नाचते गाते स्वागत किया गया। साथ ही गांव के सभी गीत संगीतकारों द्वारा भक्तिमय गीत संगीत की प्रस्तुत हुई। 3 से 7 बजे गांव के सभी समाजजनों द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी। साथ में रामायण के आदर्श को भगत गुरुजी द्वारा क्रमशः दिया गया, जो 7 बजे तक चलता रहा। सभी पुरुष वर्ग, महिला, बालक, बालिका एवं भक्तगण संगीत में नाचते रहे। शाम को दीपोत्सव एवं आतिशबाजी की गई।

कार्यक्रम में भरत लाल चंद्राकर, राम स्वरूप चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, बृजेश चंद्राकर, राम लाल चंद्राकर, मिलऊ चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, भोला चंद्राकर, हरीश चंद्र सरपंच, देवेंद्र चंद्राकर उपसरपंच एवं पूरा पंचायत ग्रुप, नरोत्तम साहू, रामचरण विश्वकर्मा, श्यामू साहू, प्रेम साहू, हीरालाल साहू, पुष्कर चंद्राकर, थनेश चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, मनोज कहार, चेतन चंद्राकर, बेनु हिरवानी, मदन यादव समेत अनेक समितियों का सहयोग रहा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## जनता की सहानुभूति बटोरने न्याय यात्रा के नाम पर राहुल कर रहे नौटंकी : रमेश



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने उन पर निशाना साधा है। रमेश साहू ने इसे उपद्रवियों की यात्रा बताया है, और कहा है कि यात्रा पर कोई हमला नहीं हुआ। राहुल गांधी जनता की सहानुभूति बटोरने नौटंकी कर रहे हैं। जनता उनकी असलियत जान चुकी है। उनको इस यात्रा से अब कोई फायदा होने वाला नहीं है। वह लोगों को आपस में लड़ाना चाहते हैं। राहुल गांधी असम में अशांति फैलाना चाहते थे। लेकिन, वहां की सरकार ने अपना काम किया। साहू ने कहा कि असम सरकार को और कड़ाई से काम करना चाहिए। उपद्रवियों को रोकना चाहिए। क्योंकि, शांति व्यवस्था के लिए यह बेहद जरूरी कदम है। रमेश साहू ने कहा है कि राहुल गांधी कुछ दिन इंतजार कर ले, जनता उन्हें कड़ा सबक सिखाएगी। साहू ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि अगर जनता राम मंदिर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को आशीर्वाद दे रही है तो इसमें हर्ज क्या है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह बार-बार बाल की खाल निकाल रहा है। आज देश की जनता की भावना शिरोधार्य हुई है। भारत का स्वाभिमान पुनः स्थापित हुआ है। विपक्ष को इसमें घबराने तथा राजनीति करने की क्या जरूरत है। पूरी दुनिया में इसका संदेश गया है कि सरकार किस तरह से काम कर रही है। कांग्रेसी इसमें राजनीति करने में लगे हैं। भाजपा विकास के नाम पर काम कर रहे हैं, और विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।





### टोंगोपानीकला में निकाली गई कलश यात्रा, रामलला का घर-घर स्वागत

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानी कला एवं बस्ती में अयोध्या स्थित रामलाल मंदिर की स्थापना को लेकर घर आंगन में दीप एवं रंगोली से सजाकर दीप उत्सव मनाया गया। पूरा गांव भगवा रंग में नजर आया। डीजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। श्रीराम का घर-घर स्वागत किया गया। शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरण पश्चात रामायण पाठ किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों का भीड़ मौजूद रहे।



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर बनाई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खैराभांठा में प्रभु श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामलला के स्वागत में आदिवासी कंडरा परिवार के द्वारा अपने घर आंगन में आकर्षक रंगोली से सजाकर दीप जलाकर दीपोत्सव खुशहाली के साथ मनाया।

## कॉलेज में प्राणी शास्त्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाताकोत्तर महाविद्यालय में प्राणी शास्त्र विभाग में 23 जनवरी को परिषद गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती की दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन के लिए प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापक प्रियंका सोनवानी ने मंचस्थ सदस्यों का स्वागत करते हुए समस्त नवीन पदाधिकारियों का नाम बताया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चितरंजन डड़सेना (एमएससी चतुर्थ सेम), उपाध्यक्ष आशीष सिन्हा (एमएससी द्वितीय), सचिव रोशनी (एमएससी चतुर्थ), सहसचिव विजय शास्त्री (एमएससी द्वितीय) का मनोनयन प्रवीण्य सूची के आधार पर किया गया। साथ ही परिषद के अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने अपने जीवन के अनुभवों को छात्रों से साझा करते हुए निरंतर अपने अनुभव से सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिन्हा ने किया। आभार प्रकट प्रियंका चक्रधारी ने किया। कार्यक्रम में लैब टेक्निशियन कोमल साहू एवं लैब अटेंडेंट संदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पूर्व छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना



सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूकोना में पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय से पढ़कर निकले हुए समाज जीवन के अनेक क्षेत्रों में कार्यरत भैया बहन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल थे। अध्यक्षता मुकेश बैरागी ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश साहू, ब्रह्मदेव ध्रुव आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रिंकू बैरागी ने भारत माता के तैल्य चित्र में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के पश्चात विद्यालय के बहनों ने स्वागत गीत पर नृत्य कर पूर्व छात्रों का स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व छात्रों का परिचय और अनुभव कथन मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ पर सबने अपना विचार व्यक्त किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता रिंकू बैरागी ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन रिचा यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र परिषद का भी गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से रिंकू बैरागी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष इंदू साहू, लोमस साहू, सचिव मो मुजाहिद रजा, सहसचिव चंद्रकला साहू, कोषाध्यक्ष कृष कुमार साहू को बनाया गया।

कार्यक्रम में आलोक यादव, देवेंद्र बैरागी, नेहरू साहू, सुनील बैरागी, सत्यम अग्रवाल, जसराज पटेल, नुमेश साहू, शैलेश दीवान, रुद्र प्रताप, नीरज साहू, वेदप्रकाश दीवान, टुकेश ठाकुर, नीरज बरिहा, जीतेश साहू, सक्षम साहू, नंदिनी बैरागी, विदिता बैरागी, संध्या राजपूत, यामिनी साहू, भावना साहू, भारती साहू, यामिनी साहू, नेहा साहू, दिव्या भारती, इंद्राणी, देवयानी ठाकुर, जान्हवी साहू आदि मौजूद रहे। प्राचार्या दशरी साहू ने पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया।

